भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2578

उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
18 फाल्गुन, 1947 (शक)

मेरा युवा भारत कार्यक्रम के स्वयंसेवकों में आरक्षण

2578. श्री मनोज कुमार:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मेरा युवा भारत कार्यक्रम, पूर्ववर्ती नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) के अंतर्गत चयनित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की संख्या और प्रतिशतता जिलावार, राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र वार और श्रेणी वार विशेषकर सासाराम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कैमूर और रोहतास जिले में कितनी है;

(ख) क्या सरकार को जानकारी है कि मेरा युवा भारत कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया में आरक्षण नीति को लागू न किए जाने के कारण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के स्वयंसेवकों की संख्या और प्रतिशत बहुत कम है और यदि हां, तो क्या सरकार का राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया में आरक्षण नीति लागू करने का विचार है और यदि नहीं, इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार की राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए विशेष अभियान/विज्ञापन चलाने की कोई योजना है और यदि हां, तो इसकी समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) वर्तमान में, एनवाईकेएस स्कीम के अंतर्गत कुल 3,302 माय भारत युवा स्वयंसेवक कार्यरत हैं। इनमें से, 322 अ.ज.जा वर्ग, 572 अ.जा. वर्ग, 1154 अ.पि.व. वर्ग और 1254 सामान्य वर्ग से हैं। इस प्रकार स्कीम के अंतर्गत कार्यरत कुल स्वयंसेवकों में अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. वर्गों से संबंधित स्वयंसेवकों की भागीदारी 62 प्रतिशत से अधिक है।

कैमूर और रोहतास जिलों में माय भारत स्वयंसेवकों का श्रेणी-वार विवरण निम्नानुसार है-

क्र. सं.	वर्ग	कैमूर जिला	रोहतास जिला
1.	अनुसूचित जाति	1	3
2.	अनुसूचित जनजाति	3	0
3.	अन्य पिछड़ा वर्ग	8	24
4.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	8	5
5.	सामान्य	4	8
	कुल	24	40
	नोट	कैमूर जिले में 83.33% (20/24) स्वयंसेवक आरक्षित वर्गों से संबंधित हैं।	रोहतास जिले में 80.00% (32/40) स्वयंसेवक आरक्षित वर्गों से संबंधित हैं।

(ख) और (ग) : आरक्षण नीति राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) स्कीम के अंतर्गत माय भारत युवा स्वयंसेवकों पर लागू नहीं होती है क्योंकि एनवाईसी स्कीम युवाओं को स्वैच्छिक आधार पर एक वर्ष (एक और वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है) के लिए जोड़ने की परिकल्पना करती है और उन्हें उनकी स्वयंसेवी सेवाओं के लिए मानदेय दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, समाज के सभी वर्गों से युवाओं को शामिल करने का प्रयास किया जाता है।

******